विषय : हिन्दी
कक्षा : आठवीं
प्रश्नकोश


हिंदी मध्यम
question bank
class 8
aglasem.com

सीखने के प्रतिफल
कक्षा– 8

क्रम संख्या	कोड	सीखने के प्रतिफल
		बच्चे–
1	H801	विभिन्न विषयों पर आधारित विविध प्रकार की रचनाओं को पढ़कर चर्चा करते हैं, जैसे– पाठ्यपुस्तक में किसी पक्षी के बारे में पढ़कर पक्षियों पर लिखी गई सालीम अली की किताब पढ़कर चर्चा करते हैं ।
2	H802	हिंदी भाषा में विभिन्न प्रकार की सामग्री (समाचार, पत्र–पत्रिका, कहानी, जानकारी परक सामग्री, इन्टरनेट, ब्लॉग पर छपने वाली सामग्री आदि) को समझकर पढ़ते हैं और उसमें अपनी पसंद–नापसंद, टिप्पणी, राय, निष्कर्ष आदि को मौखिक/सांकेतिक भाषा में अभिव्यक्त करते हैं ।
3	H803	पढ़ी गई सामग्री पर चिंतन करते हुए समझ के लिए प्रश्न पूछते हैं ।
4	H804	अपने परिवेश में मौजूद लोककथाओं और लोकगीतों के बारे में बताते/सुनाते हैं ।
5	H805	पढ़कर अपरिचित परिस्थितियों और घटनाओं की कल्पना करते हैं और उन पर अपने मन में बनने वाली छवियों और विचारों के बारे में मौखिक/सांकेतिक भाषा में बताते हैं ।
6	H806	विभिन्न संवेदनशील मुद्दों/विषयों, जैसे–जाति, धर्म, रंग, जेंडर, रीति–रिवाज़ों के बारे में अपने मित्रों, अध्यापकों या परिवार से प्रश्न करते हैं, जैसे–अपने मोहल्ले के लोगों से त्योहार मनाने के तरीके पर बातचीत करना ।
7	H807	किसी रचना को पढ़कर उसके सामाजिक मूल्यों पर चर्चा करते हैं। उसके कारण जानने की कोशिश करते हैं, जैसे–अपने आस–पास रहने वाले परिवारों और उनके रहन–सहन पर सोचते हुए प्रश्न करते हैं–रामू काका की बेटी स्कूल क्यों नहीं जाती ?
8	H808	विभिन्न प्रकार की सामग्री, जैसे–कहानी, कविता, लेख, रिपोर्ताज, संस्मरण, निबंध, व्यंग्य आदि को पढ़ते हुए अथवा पाठ्यवस्तु की बारीकी से जाँच करते हुए उसका अनुमान लगाते हैं, विश्लेषण करते हैं, विशेष बिंदु को खोजते हैं ।
9	H809	पढ़ी गई सामग्री पर चिन्तन करते हुए बेहतर समझ के लिए प्रश्न पूछते हैं।
10	H810	विभिन्न पठन सामग्रियों में प्रयुक्त शब्दों, मुहावरों, लोकोक्तियों को समझते हुए उनकी सराहना करते हैं ।
11	H811	कहानी, कविता आदि पढ़कर लेखन के विविध तरीकों और शैलियों को पहचानते हैं, जैसे वर्णनात्मक, विवरणात्मक, भावात्मक, प्रकृति चित्रण आदि ।
12	H812	विभिन्न पठन सामग्रियों को पढ़ते हुए उनके शिल्प की सराहना करते हैं और अपने स्तरानुकूल मौखिक, लिखित, ब्रेल/सांकेतिक रूप में उसके बारे में अपने विचार व्यक्त करते हैं।

13	H813	किसी पाठ्यवस्तु को पढ़ने के दौरान समझने के लिए ज़रूरत पड़ने पर अपने किसी सहपाठी या शिक्षक की मदद लेकर उपयुक्त सन्दर्भ सामग्री, जैसे–शब्दकोश, विश्वकोश, मानचित्र, इन्टरनेट या अन्य पुस्तकों की मदद लेते हैं।
14	H814	अपने पाठक और लिखने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए अपनी बात को प्रभावी तरीके से लिखते हैं।
15	H815	पढ़कर अपरिचित परिस्थितियों और घटनाओं की कल्पना करते हैं और उन पर अपने मन में बनने वाली छवियों और विचारों के बारे में लिखित या ब्रेल भाषा में अभिव्यक्ति करते हैं।
16	H816	भाषा की बारीकियों/व्यवस्था का लिखित प्रयोग करते हैं, जैसे–कविता के शब्दों को बदलकर अर्थ और लय को समझना।
17	H817	विभिन्न अवसरों/सन्दर्भों में कही जा रही दूसरों की बातों को अपने ढंग से लिखते हैं, जैसे– स्कूल के किसी कार्यक्रम की रिपोर्ट बनाना या फिर अपने गाँव के मेले के दुकानदारों से बातचीत ।
18	H818	अपने अनुभवों को अपनी भाषा शैली में लिखते हैं। लेखन के विविध तरीकों और शैलियों का प्रयोग करते हैं, जैसे–विभिन्न तरीकों से (कहानी, कविता, निबंध आदि) कोई अनुभव लिखना।
19	H819	दैनिक जीवन से अलग किसी घटना/स्थिति पर विभिन्न तरीके से सृजनात्मक ढंग से लिखते हैं, जैसे– सोशल मीडिया पर, नोटबुक पर या संपादक के नाम पत्र आदि ।
20	H820	विभिन्न कलाओं, जैसे– हस्तकला, वास्तुकला, खेती–बाड़ी, नृत्यकला और इनमें प्रयोग होने वाली भाषा (रजिस्टर) का सृजनात्मक प्रयोग करते हैं, जैसे– कला के बीज बोना, मनमोहक मुद्राएँ, रस की अनुभूति ।
21	H821	अपने पाठक और लिखने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए अपनी बात को प्रभावी तरीके से लिखते हैं।
22	H822	अभिव्यक्ति की विविध शैलियों/रूपों को पहचानते हैं, स्वयं लिखते हैं, जैसे–कविता, कहानी, निबंध आदि।
23	H823	पढ़कर अपरिचित परिस्थितियों और घटनाओं की कल्पना करते हैं और उन पर अपने मन में बनने वाली छवियों और विचारों के बारे में लिखित/ब्रेल भाषा में अभिव्यक्त करते हैं ।

(भाग–क)

अपठित गद्यांश — सीखने के प्रतिफल

1. नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। H808, 823

जीजाबाई महान् देश भक्त थीं। देश और देश की संस्कृति के लिए उनके हृदय में अखण्ड प्रेम था। यद्यपि उन्होंने स्वराज्य को स्थापित करने के लिए शस्त्र धारण नहीं किए थे पर वीर शिवाजी को वीरता का संस्कार देने का श्रेय उन्हें ही है, जो मुगल सम्राट औरंगजेब से लोहा लेकर महाराष्ट्र को स्वतंत्र करने में सफल हुए थे। शिवाजी को शिवाजी बनाने वाली जीजाबाई थीं। उन्हीं की प्रेरणा से उन्होंने स्वराज्य के लिए प्रयत्न किए, संकटों की खाइयाँ पार की और महाराष्ट्र की जनता को उनके जन्मजात अधिकार दिलाने में सफलता पाई। जीजाबाई की देश भक्ति और उनके शौर्य की जितनी भी प्रशंसा की जाए, कम ही होगी।

1) जीजाबाई के पुत्र का क्या नाम था ?

2) शिवाजी को वीरता का संस्कार देने का श्रेय किसको जाता है ?

क) औरंगजेब ख) जीजाबाई ग) शाहजी घ) महाराणा प्रताप

3) 'स्वतंत्र' शब्द का विलोम शब्द छाँटें –

क) बँधा हुआ ख) दास ग) परतंत्र घ) आज़ाद

4) महाराष्ट्र को स्वतंत्र करवाने के लिए किसने योगदान दिया और कैसे ?

5) 'लोहा लेना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें।

2. नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। H808, 823

कल्पना को करनाल जैसे छोटे नगर में आयु बढ़ने के साथ–साथ अनेक बड़े अनुभव हुए। उस समय लड़कियों को पढ़ाई की सुविधा देना ही अपने आप में बहुत बड़ी बात थी। बहुत थोड़े परिवारों में ही शिक्षा को प्रोत्साहित किया जाता था। कल्पना को प्यार से मोंटू कहा जाता था। कल्पना के सहपाठियों के अनुसार करनाल में पचास छात्रों की कक्षा में मुश्किल से पाँच लड़कियाँ होती था। शिक्षा के मामले में मोंटू का परिवार काफ़ी आगे था। बड़ी बहन सुनीता खेलों में अग्रणी थीं। मोंटू जब पढ़ने के योग्य हुई तो परिवार में धन की कमी नहीं थी इसलिए घर के नज़दीक स्थित टैगोर बाल निकेतन में मोंटू का नाम लिखवाया गया।

1) कल्पना चावला का जन्म कौन से नगर में हुआ था ?

2) गद्यांश में मोंटू नाम किसके लिए प्रयोग किया गया है ?

(क) कल्पना की बहन के लिए (ख) कल्पना के भाई के लिए

(ग) कल्पना के लिए (घ) कल्पना की माँ के लिए

3) प्रोत्साहित शब्द का संधि विच्छेद है–

क) प्रो + साहित ख) प्र + उत्साहित ग) प्र + ओत्साहित घ) प्रो + त्साहित

4) 'शिक्षा के मामले में मोंटू का परिवार काफ़ी आगे था' इस वाक्य से कारक चिह्नों को छाँटिए–

5) मोंटू का नाम कहाँ लिखवाया गया था ?

3. नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। H808,823

सरोजिनी नायडू का जन्म 13 फरवरी, 1879 को हैदराबाद में हुआ था। उनके पिता का नाम अघोरनाथ चट्टोपाध्याय और माता का नाम बराडासुंदरी देवी था। उनके पिता बंगाली ब्राह्मण थे वे रसायन शास्त्र के बहुत बड़े विद्वान थे। उन्होंने हैदराबाद में एक कॉलेज की स्थापना की थी। वे उसी कॉलेज में रसायन शास्त्र पढ़ाया करते थे। सरोजिनी के जन्म के समय वे प्रधानाचार्य के पद पर थे। वह बड़े सादे ढंग से रहते थे। निश्छल हृदय के थे, गंभीर वाणी थी, दिल खोलकर ज़ोर से हँसा करते थे।

1) सरोजिनी नायडू का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

2) सरोजिनी नायडू के पिता जी कौन थे ?

क) प्रधानाचार्य ख) रसायन शास्त्री ग) बंगाली ब्राह्मण घ) उपरोक्त सभी

3) प्रस्तुत पद्यांश के अनुसार हैदराबाद कॉलेज में पढ़ाए जाने वाले किसी एक विषय का नाम बताएं।

4) सरोजिनी नायडू के पिताजी के चरित्र की विशेषताएं लिखें।

4. नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। **H808,823**

एक दिन ख्वाज़ा सरा ने बीरबल को मूर्ख साबित करने के लिए बहुत सोच –विचार कर कुछ मुश्किल प्रश्न सोच लिए। उन्हें विश्वास था कि बादशाह के उन प्रश्नों को सुनकर बीरबल के छक्के छूट जाएँगे और वह लाख कोशिश करके भी संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाएगा। फिर बादशाह मान लेगा कि ख्वाज़ा सरा के आगे बीरबल कुछ नहीं है। ख्वाज़ा साहब अचकन–पगड़ी पहनकर दाढ़ी सहलाते हुए अकबर के पास पहुँचे और सिर झुकाकर बोले, बीरबल बड़ा बुद्धिमान बनता है। आप भी उसकी लंबी–चौड़ी बातों के धोखे में आ जाते हैं। मैं चाहता हूँ कि आप मेरे तीन सवालों के जवाब पूछकर उसके दिमाग की गहराई नाप लें। उस नकली अक्ल–बहादुर की कलई खुल जाएगी।

1) ख्वाज़ा सरा ने बीरबल को मूर्ख साबित करने के लिए क्या सोच–विचार किया था ?
2) ख्वाज़ा सरा को क्या विश्वास था ?
3) ख्वाज़ा सरा क्या पहनकर अकबर के पास गए थे ?
4) ख्वाज़ा सरा ने बीरबल से कितने सवाल पूछने को कहा ?
5) 'छक्के छूट जाना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें।
6) 'अचकन' शब्द का अर्थ स्पष्ट करें।

5. नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। **H808,823**

संतुलित आहार लेने मात्र से हम एनीमिया से बचे रह सकते हैं, यह कहना काफ़ी हद तक सही है। यों तो एनीमिया बहुत से कारणों से हो सकता है, किन्तु हमारे देश में इसका सबसे बड़ा कारण पौष्टिक आहार की कमी है। इसके अलावा इस रोग का एक और बड़ा कारण है पेट में कीड़ों का हो जाना। ये कीड़े प्रायः दूषित जल और खाद्य पदार्थों द्वारा हमारे शरीर में प्रवेश करते हैं। अतः इससे बचने के लिए यह आवश्यक है कि हम पूरी सफ़ाई से बनाए गए खाद्य पदार्थों को ग्रहण करें। भोजन करने से पूर्व अच्छी तरह से हाथ धो लें तथा साफ़ पानी ही पिएं और हाँ, एक किस्म के कीड़े भी हैं, जिनके अंडे जमीन की ऊपरी सतह में पाए जाते हैं। इन अण्डों से उत्पन्न हुए लार्वे त्वचा के रास्ते शरीर में प्रवेश कर आँतों में अपना घर बना लेते हैं। इनसे बचने का सहज उपाय है कि शौच के लिए हम शौचालय का ही प्रयोग करें और इधर–उधर नंगे पैर न घूमें।

1) एनीमिया के मुख्य कारण क्या हैं ?
2) पेट में कीड़ों के होने के क्या कारण हैं ?
3) नंगे पैर घूमने से क्या होता है ?
4) एनीमिया से बचने के चार उपाय लिखें।
5) 'संतुलित' शब्द का विलोम शब्द लिखें।

6. नीचे दिए गए अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। **H808,816,823**

देश हमें देता सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें।।
सूरज हमें रोशनी देता, हवा नया जीवन देती है।
भूख मिटाने को हम सबकी, धरती पर होती खेती है।
औरों का भी हित हो जिसमें, हम ऐसा कुछ करना सीखें।।
गरमी का तपती दुपहर में पेड़ सदा देते हैं छाया।
सुमन सुंगन्ध सदा देते हैं, हम सबको फूलों की माला।
त्यागी तरूओं के जीवन से, हम परहित कुछ करना सीखें।।

1) प्रकृति से हमें क्या नहीं मिलता है?
   क) सीख ख) प्रेरणा ग) परोपकार घ) लालच
2) हम किससे क्या देना सीख सकते हैं ?
3) पद्यांश में से दो संज्ञा शब्द ढूँढ़कर लिखिए।
4) 'पथिक' का पर्यायवाची शब्द लिखिए।
5) प्रकृति का हर रूप कोई न कोई शिक्षा देता है। आप उसके किस रूप से कौन सी शिक्षा लेंगे तथा क्यों ?

पठित गद्यांश — सीखने के प्रतिफल

1. नीचे दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। H808, 823

एक पुलिया के ऊपर पहुँचे ही थे कि एक टायर फिस्स करके बैठ गया। वह बहुत ज़ोर से हिलकर थम गई । अगर स्पीड में होती तो उछलकर नाले में गिर जाती। मैंने उस कम्पनी के हिस्सेदार की तरफ़ पहली बार श्रद्धाभाव से देखा। वह टायरों की हालत जानते हैं फिर भी जान हथेली पर लेकर इसी बस से सफ़र कर रहे हैं। उत्सर्ग की ऐसी भावना दुर्लभ है। सोचा इस आदमी के साहस और बलिदान भावना का सही उपयोग नहीं हो रहा है।

1) पुलिया के ऊपर पहुँचकर क्या हुआ ?
2) अगर बस नाले में गिर जाती तो क्या होता ?
3) लेखक ने कंपनी के हिस्सेदार की तरफ़ श्रद्धाभाव से क्यों देखा ?
4) 'जान हथेली पर लेना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें ।

2. नीचे दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। H808, 823

बदलू मनिहार था। चूड़ियाँ बनाना उसका पैतृक पेशा था और वास्तव में वह बहुत ही सुंदर चूड़ियाँ बनाता था। उसकी बनाई हुई चूड़ियों की खपत भी बहुत थी। उस गाँव में तो सभी स्त्रियाँ उसकी बनाई हुई चूड़ियाँ पहनती ही थीं आस–पास के गाँवों के लोग भी उससे चूड़ियाँ ले जाते थे। परन्तु वह कभी भी चूड़ियों को पैसों से बेचता न था। उसका अभी तक वस्तु–विनिमय का तरीका था और लोग अनाज के बदले उससे चूड़ियाँ ले जाते थे। बदलू स्वभाव से बहुत सीधा था। मैंने कभी भी उसे किसी से झगड़ते नहीं देखा। हाँ, शादी–विवाह के अवसरों पर वह अवश्य ज़िद पकड़ जाता था। जीवन भर चाहे कोई उससे मुफ़्त चूड़ियाँ ले जाए परन्तु विवाह के अवसर पर वह सारी कसर निकाल लेता था। आखिर सुहाग के जोड़े का महत्त्व ही और होता है। यदि संसार में बदलू को किसी बात से चिढ़ थी तो वह थी काँच की चूड़ियों से।

1) मनिहार किसे कहा जाता है ?
2) बदलू का पैतृक पेशा क्या था ?
3) 'वस्तु–विनिमय' शब्द का अर्थ लिखें ।
4) काँच की चूड़ियों से बदलू को चिढ़ क्यों थी ?
5) 'स्वभाव' शब्द को वाक्य में प्रयोग करें ।

3. नीचे दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। H808,823

जी, जनाब। सोलहवीं शताब्दी की बात है। बादशाह हुमायूँ शेरशाह से हारकर भागा था और सिंध के रेगिस्तान में मारा–मारा फिर रहा था। एक अवसर पर प्यास से उसकी जान निकल रही थी। उस समय एक ब्राह्मण ने इसी लोटे से पानी पिलाकर उसकी जान बचाई थी। हुमायूँ के बाद अकबर ने उस ब्राह्मण का पता लगाकर उससे इस लोटे को ले लिया और इसके बदले में उसे इसी प्रकार के दस सोने के लोटे प्रदान किए। यह लोटा सम्राट अकबर को बहुत प्यारा था। इसी से इसका नाम अकबरी लोटा पड़ा। वह बराबर इसी से वजू करता था। सन् सत्तावन तक इसके शाही घराने में रहने का पता है। पर इसके बाद लापता हो गया। कलकत्ता के म्यूज़ियम में इसका प्लास्टर का मॉडल रखा हुआ है। पता नहीं यह लोटा इस आदमी के पास कैसे आया ? म्यूज़ियम वालों को पता चले तो फैंसी दाम देकर खरीद ले जाएँ।

1) यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है व इसके लेखक कौन हैं ?
2) बादशाह हुमायूँ किससे हारकर भागा था ?
   क) अकबर ख) शाहजहाँ ग) शेरशाह घ) उपरोक्त सभी
3) किस शताब्दी में बादशाह हुमायूँ शेरशाह से हारकर भागा था ?
   क) पाँचवीं शताब्दी ख) आठवीं शताब्दी ग) सोलहवीं शताब्दी घ) दसवीं शताब्दी
4) हुमायूँ के बाद लोटे वाले ब्राह्मण का पता किसने लगाया था ?
5) हुमायूँ को किसने पानी देकर उसकी जान बचाई थी ?
6) सम्राट अकबर को लोटा क्यों प्यारा था ?
7) 'मारा–मारा फिरना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें।

4. **नीचे दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें।** **H808,823**

एक दिन मेरे जी में आया कि मैं समुद्र के ऊपर तो बहुत घूम चुकी हूँ, भीतर चलकर भी देखना चाहिए कि क्या है ? इस कार्य के लिए मैंने गहरे जाना प्रारम्भ कर दिया। मार्ग में मैंने विचित्र–विचित्र जीव देखे। मैने अत्यंत धीरे–धीरे रेंगने वाले घोंघे, जालीदार मछलियाँ, कई–कई मन भारी कछुवे और हाथोंवाली मछलियाँ देखीं। एक मछली ऐसी देखी जो मनुष्य से कई गुना लम्बी थी । उसके आठ हाथ थे। वह इन हाथों से अपने शिकार को जकड़ लेती थी ।

1) यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है व इसके लेखक कौन हैं ?
2) गंद्याश में 'भीतर' शब्द का प्रयोग कहाँ के लिए हुआ है ?
3) मछली के कितने हाथ थे और वह इन हाथों से क्या करती थी ?
4) 'प्रारम्भ' शब्द का विलोम शब्द नहीं है –
   क) खत्म ख) समाप्त ग) अंत घ) शुरुआत

5. **नीचे दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें।** **H808,823**

यह फिल्म 14 मार्च, 1931 को मुम्बई की मैजेस्टिक सिनेमा में प्रदर्शित हुई। फिल्म आठ सप्ताह तक 'हाउसफुल' चली और भीड़ इतनी उमड़ती थी कि पुलिस के लिए नियन्त्रण करना मुश्किल हो जाया करता था। समीक्षकों ने इसे 'भड़कीली फैंटेसी' फिल्म करार दिया था। मगर दर्शकों के लिए यह फिल्म एक अनोखा अनुभव थी। यह फिल्म 10 हज़ार फुट लम्बी थी और इसे चार महीनों की कड़ी मेहनत से तैयार किया गया था।

1) पहली बोलती फिल्म कब और कहाँ प्रदर्शित हुई ?
2) इस गद्यांश में अंग्रेजी भाषा के कौन–कौन से शब्द आए हैं ?
3) पहली बोलती फिल्म का नाम है–
   क) राजा हरिश्चंद्र ख) मुगल–ए–आज़म ग) आलमआरा घ) इनमें से कोई नहीं
4) 'प्रदर्शित' शब्द से उपसर्ग छाँटिए ।
5) 'सिनेमा' शब्द का वाक्य में प्रयोग करें ।
6) आलमआरा फिल्म को 'भड़कीली फैंटेसी' फिल्म क्यों करार दिया था ?

6. **नीचे दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें।** **H808,823**

एक सिपाही ने गुलेल मारकर गवरइया की टोपी नीचे गिरा दी, तो दूसरे सिपाही ने झट वह टोपी लपक ली और राजा के सामने पेश कर दिया। राजा टोपी को पैरों से मसलने ही जा रहा था कि उसकी खूबसूरती देखकर दंग रह गया। कारीगरी के इस नायाब नमूने को देखकर वह जड़ हो गया –''मेरे राज में मेरे सिवा इतनी खूबसूरत टोपी दूसरे के पास कैसे पहुँची!" सोचते हुए राजा उसे उलट–पुलटकर देखने लगा।

1) सिपाही ने गवरइया की टोपी कैसे छीनी ?
2) 'दंग रह जाना' मुहावरे का अर्थ है–
   क) दंगा करना ख) हैरान होना ग) खुश हो जाना घ) सोच में पड़ना
3) 'कारीगर' शब्द का तत्सम् शब्द है–
   क) कर्म कर ख) शिल्पी ग) मज़दूर घ) मिस्त्री
4) राजा ने टोपी को पैरों के नीचे क्यों नहीं मसला ?
5) राजा टोपी को उलट–पुलटकर क्यों देखने लगा ?
6) टोपी के खूबसूरत होने का क्या कारण था ?

7. **नीचे दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें।** **H808, 823**

महात्मा गांधी के पास दुनिया भर से तमाम पत्र केवल महात्मा गांधी –इंडिया लिखे आते थे और वे जहाँ भी रहते थे वहाँ तक पहुँच जाते थे। आज़ादी के आन्दोलन की कई अन्य दिग्गज हस्तियों के साथ भी ऐसा ही था गांधीजी के पास देश–दुनिया से बड़ी संख्या में पत्र पहुँचते थे पर पत्रों का जवाब देने के मामले में उनका कोई जोड़ नहीं था । कहा जाता है कि जैसे ही उन्हें पत्र मिलता था, उसी समय वे उसका जवाब भी लिख देते थे।

अपने हाथों से ही ज़्यादातर पत्रों का जवाब देते थे । जब लिखते–लिखते उनका दाहिना हाथ दर्द करने लगता था तो वे बाएँ हाथ से लिखने में जुट जाते थे। महात्मा गांधी ही नहीं आन्दोलन के तमाम नायकों के पत्र गाँव–गाँव में मिल जाते हैं। पत्र भेजने वाले उन पत्रों को किसी प्रशस्तिपत्र से कम नहीं मानते हैं और कई लोगों ने तो उन पत्रों को फ्रेम कराकर रख लिया है। यह है पत्रों का जादू । यही नहीं, पत्रों के आधार पर ही कई भाषाओं में जाने कितनी किताबें लिखी जा चुकी हैं ।

1) गांधी जी आए हुए पत्रों का जवाब कब देते थे ?
2) 'दिग्गज' शब्द का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें।
3) गांधी जी के पत्रों का लोग क्या करते थे ?
4) पत्रों के आधार पर क्या किया गया ?
5) जब गांधीजी पत्र लिखते समय थक जाते तो वह क्या करते थे ?

पठित काव्यांश — सीखने के प्रतिफल

1. नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। H808, 816, 823

आए बनकर उल्लास अभी,
आँसू बनकर बह चले अभी,
सब कहते ही रह गए, अरे,
तुम कैसे आए, कहाँ चले ?

1) यह काव्यांश किस कविता से लिया गया है ?
2) उपरोक्त पंक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं ?
3) 'तुम कैसे आए, कहाँ चले ?' पंक्ति में किसके आने और जाने की बात कही गई है ?
4) 'उल्लास' शब्द का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें ।

2. नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। H808,816,823

पक्षी और बादल, ये भगवान के डाकिए हैं,
जो एक महादेश से दूसरे महादेश को जाते हैं।
हम तो समझ नहीं पाते हैं मगर उनकी लाई चिट्ठियाँ
पेड़, पौधे, पानी और पहाड़ बाँचते हैं।

1) यह काव्यांश कौन सी कविता से लिया गया है ?
2) प्रस्तुत काव्यांश में 'भगवान के डाकिए' कौन हैं ?
3) भगवान के डाकिए कहाँ जाते हैं ?
4) पक्षी और बादलों की लाई गई चिट्ठियों को कौन पढ़ते हैं ?
5) निम्न शब्दों के अर्थ बताएं– क) महादेश ख) बाँचना

3. नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। H808, 816, 823

जहाँ कोई कर रहा होगा प्रतीक्षा
अभी भी कहता है कोई किसी को
जल्दी आ जाओ कि अब
सूरज डूबने का वक्त हो गया
अभी कहा जाता है ।

1) यह काव्यांश किस कविता से लिया गया है ?
2) इन पंक्तियों में 'सूरज डूबने' से क्या अभिप्राय है ?
3) कविता के माध्यम से कवयित्री क्या संदेश देना चाहती है ?
4) काव्यांश में कौन प्रतीक्षा कर रहा है ?
5) 'प्रतीक्षा' शब्द का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें ।

4. नीचे दी गई साखी को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। H808, 816, 823

जाति न पूछो साध की, पूछ लीजिए ज्ञान ।
मोल करो तरवार का, पड़ा रहन दो म्यान ।।

1) यह साखी किस कवि द्वारा लिखा गया है ?
2) कवि ने क्या न पूछने की बात कही है ?
3) कबीर ने दूसरों से क्या पूछने को कहा है ?
4) इस साखी में कबीर ने क्या शिक्षा दी है ?
5) 'जाति न पूछो साध की, पूछ लीजिए ज्ञान' पंक्ति से क्या अभिप्राय है ?

5. नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। H808,816,823

ऐसे बेहाल बिवाइन सों, पग कंटक जाल लगे पुनि जोए ।
हाय ! महादुख पायो सखा, तुम आए इतै न कितै दिन खोए ।

देखि सुदामा की दीन दसा, करुना करिकै करुनानिधि रोए।।
पानी परात को हाथ छुयो नहिं नैनन के जल सों पग धोए ।
1) इस काव्यांश में किसके पैर में काँटे लगे हैं ?
2) सुदामा की दयनीय दशा को देखकर श्रीकृष्ण क्यों रोए ?
3) ये पंक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं ?
4) 'पानी' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है –
क) जल ख) पेय ग) नीर घ) अमृत
5) इस काव्यांश में सखा किसे कहा गया है –
क) राम ख) रावण ग) कृष्ण घ) सुदामा

6. नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर, पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। **H808, 816, 823**

तेरैं लाल मेरौ माखन खायौ।
दुपहर दिवस जानि घर सूनो ढूँढ़ि–ढँढ़ोरि आपही आयौ।
खोली किवारि, पैठि मंदिर मैं, दूध–दही सब सखनि खवायौ।
ऊखल चढ़ि, सींके कौ लीन्हौ, अनभावत भुइँ मैं ढरकायौ।
दिन प्रति हानि होति गोरस की, यह ढोटा कौनैं ढ़ँग लायौ ।
सूर स्याम कौं हटकि न राखै तैं ही पूत अनोखौ जायौ।
1) कविता का शीर्षक और कवि का नाम लिखें ।
2) श्री कृष्ण अपने मित्रों के साथ माखन चुराने कब जाते हैं ?
3) 'गोरस' शब्द का अर्थ है–
क) दही ख) दूध ग) मक्खन घ) उपरोक्त सभी
4) गोपियाँ श्री कृष्ण की शिकायत किससे कर रही हैं ?
5) श्री कृष्ण .....चढ़कर माखन निकालते हैं ?
क) खिड़की पर ख) सीढ़ी पर ग) ऊखल पर घ) पीठ पर

7. नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। **H808, 816, 823**

कै वह टूटी–सी छानी हती, कहँ कंचन के अब धाम सुहावत ।
कै पग में पनही न हती, कहँ लै गजराजहु ठाढ़े महावत ।।
भूमि कठोर पै रात कटै, कहँ कोमल सेज पै नींद न आवत।
कै जुरतो नहिं कोदो सवाँ, प्रभु के परताप तें दाख न भावत ।।
1) प्रस्तुत काव्यांश किस कविता से लिया गया है ?
2) 'कंचन' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है–
क) सोना ख) स्वर्ण ग) कनक घ) रजत
3) 'कठोर' शब्द का विलोम शब्द नहीं है –
क) सख्त ख) कोमल ग) मृदुल घ) नाज़ुक
4) 'पग' शब्द का अर्थ लिखें।
5) श्री कृष्ण से मिलने के बाद सुदामा के जीवन में आए बदलाव लिखें।
6) सुदामा को श्री कृष्ण के पास किसने और क्यों भेजा ?

(भाग–ख)
लेखन

प्रार्थना पत्र– **सीखने के प्रतिफल**

1) अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक को बड़ी बहन की शादी में सम्मिलित होने के लिए तीन दिन के अवकाश हेतु प्रार्थना–पत्र लिखें ।
2) विद्यालय में प्रवेश लेने हेतु मुख्याध्यापक/प्रधानाचार्य को प्रार्थना–पत्र लिखें।
3) अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक को विद्यालय त्याग प्रणाम–पत्र जारी करने के लिए प्रार्थना–पत्र लिखें ।
4) नगरपालिका को मुहल्ले की सफ़ाई करवाने के लिए प्रार्थना–पत्र लिखें।
5) आवश्यक कार्य के कारण एक दिन की छुट्टी के लिए प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक को प्रार्थना–पत्र लिखें।
6) अपने स्कूल के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक को बीमारी के कारण एक दिन का अवकाश लेने के लिए प्रार्थना–पत्र लिखें।

संवाद – **H817, 819**

1) मिड–डे मील लेते समय राधा और नीलम के बीच हुए संवाद को लिखिए।
2) गृह कार्य न करके लाने पर अध्यापक और छात्र के बीच हुए संवाद को लिखिए।

पत्र– **H819, 821**

1) अपने मित्र को बड़े भाई के विवाह के अवसर पर आमन्त्रण पत्र लिखें ।
2) पिता जी को अपने परीक्षा परिणाम बताते हुए पत्र लिखें ।
3) अपने मित्र/सखी द्वारा जन्मदिन पर दिए गए उपहार के लिए धन्यवाद व्यक्त करते हुए पत्र लिखें।
4) अपने मित्र/सखी को वार्षिक परीक्षा में प्रथम आने पर बधाई पत्र लिखें ।
5) अपने मित्र को जन्मदिन की बधाई देने के लिए पत्र लिखें।
6) अपने मित्र/सखी को जन्मदिन पर आमंत्रित करने के लिए पत्र लिखें ।

सूचना लेखन– **H819**

1) विद्यालय में होने वाली अध्यापक–अभिभावक की आम बैठक की सूचना लिखिए।
2) विद्यालय में आयोजित किए जाने वाले 'रक्तदान शिविर' की अभिभावकों को सूचना लिखें।
3) विद्यालय में विश्व योग दिवस मनाया जा रहा है, इसकी सूचना लिखिए।

निबन्ध लिखें– **H818, 821, 822**

1) दिवाली
2) प्रिय मित्र
3) मेरा गाँव
4) मेरी पाठशाला
5) होली
6) मेरा घर
7) माता–पिता के प्रति कर्त्तव्य
8) विद्यालय स्वच्छता
9) मेरी माता
10) प्रिय अध्यापक
11) सदाचार
12) गणतन्त्र दिवस
13) दशहरा
14) व्यायाम के लाभ
15) जनसंख्या वृद्धि
16) हिमाचल प्रदेश
17) प्रदूषण
18) खेलों के लाभ
19) प्रिय नेता
20) प्रातःकाल की सैर
21) स्वतंत्रता दिवस
22) विद्यार्थी और अनुशासन
23) वृक्ष लगाओ, पर्यावरण बचाओ

कहानी

1) दिए गए चित्र को देखकर अपने शब्दों में 8–10 वाक्यों में कहानी लिखें। **H814, 818, 821,822**



2) दिए गए चित्र को देखकर अपने शब्दों में 8–10 वाक्यों में कहानी लिखें। **H814,818 821,822**



3) 'एकता में बल है' कहानी अपने शब्दों में लिखें। **H818,822**

(भाग–ग)
व्याकरण

सीखने के प्रतिफल

1. हिंदी वर्णमाला में वर्णों की संख्या कितनी हैं ?
   क) 52 ख) 44 ग) 33 घ) 11
2. निम्न में से कौन सा शब्द सर्वनाम नहीं है –
   क) मैं ख) तू ग) वह घ) लता
3. 'वह मुझे पीछे से धक्का दे रहा है'– वाक्य से सर्वनाम शब्द छाँटिए ।
4. नीचे लिखे वाक्यों के खाली स्थानों में उचित सर्वनाम लिखें –
   1) ————————————पास हज़ारों रूपए हैं। (वह / उसके)
   2) ———————————— थोड़ी सी चाय पिलाओ। (अपना / मुझे)
   3) उसका नाम ————————मालूम नहीं है । (आपका / मुझे)
   4) इस कमरे में ————————————ठहरा हुआ है । (तुम / वह)
5. सर्वनाम के कितने भेद हैं–
   क) चार ख) पाँच ग) छः घ) तीन
6. 'यद्यपि' शब्द की संधि विच्छेद कीजिए–
   क) यद्य+अपि ख) यदि+अपि ग) यदा+अपि घ) यत+अपि
7. निम्न वाक्य में सही समास का नाम लिखिए–
   1. 'पीताम्बर' शब्द में कौन सा समास है–
   क) अव्यवी समास ख) तत्पुरुष समास ग) द्विगु समास घ) बहुब्रीहि समास
   2 . 'वियोग' शब्द में कौन सा समास है ?
   क) बहुब्रीहि समास ख) तत्पुरुष समास ग) द्विगु समास घ) अव्यवी समास
   3. 'चारपाई' शब्द में समास है–
   क) अव्यवी समास ख) तत्पुरुष समास ग) द्विगु समास घ) द्वंद्व समास
8. 'पढ़े–लिखे' शब्द में कौन सा समास है ?
9. 'सप्ताह' शब्द में समास है–
   क) अव्यवी समास ख) तत्पुरुष समास ग) द्विगु समास घ) द्वन्द्व समास
10. समासों का विग्रह करके समासों का नाम लिखें–
    1) रात–दिन
    2) राजपुरुष
    3) अनपढ़
    4) पीताम्बर
    5) घनश्याम
    6) माता–पिता
    7) प्रतिदिन
11. दिए गए शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखें।

1) वन	2) मृदुल	3) अमृत	4) पुष्प
5) अध्यापक	6) स्त्री	7) वस्त्र	8) अवधि
9) वृक्ष	10) पानी	11) घर	12) अवस्था
13) वायु	14) दिन	15) पृथ्वी	16) सुन्दर
17) शादी	18) घर	19) नाज़ुक	20) आँख
21) प्रसन्नता			

12. निम्न में से 'नेत्र' शब्द का पर्यायवाची शब्द छाँटिए–
    क) कर्ण ख) नासिका ग) नयन घ) मुख

13. निम्न में 'सूर्य' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है–
क) रवि ख) भानु ग) भास्कर घ) इंदु
14. निम्न में 'लोचन' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है–
क) चक्षु ख) नयन ग) आँख घ) कर्ण
15. 'दिवस' शब्द का पर्यायवाची शब्द है–
क) दिन ख) राकेश ग) निशा घ) रजनी
16. 'अनल' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखें।
17. 'रात्रि' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखें।
18. संज्ञा की परिभाषा लिखें।
19. 'पानी परात को हाथ छुयो नाहि' वाक्य से संज्ञा शब्द छाँटिए ।
20. भाववाचक संज्ञा लिखें–
1) राम को खेल में ———————————————— पसंद नहीं है। (हार)
2) हमें अपनी गलतियों से ———————————————— चाहिए। (सीख)
3) हमें कभी अपनी कही हुई बात से ———————————————— नहीं चाहिए। (पलट).
4) रामू के चाचा उसकी सारी ज़मीन ————————————————चाहते थे। (हड़प)
5) कपड़े को कैंची से ———————————————— आसान होता है। (काट)
21. संज्ञा शब्द पर गोला लगाएं –
1) लड़कियाँ नाच रही हैं।
2) बच्चे बाग में खेल रहे हैं।
3) लालकिला, यमुना नदी के किनारे स्थित है।
4) अध्यापक विद्यालय जा रहे हैं।
22. वचन बदलें–

1) पक्षी	2) बादल	3) पंख	4) चिट्ठी
5) पत्र	6) सैनिक	7) गाड़ी	8) घटना
9) डिब्बा	10) चिड़िया	11) रेलगाड़ी	12) तिनका
13) कथा	14) तैयारी	15) हिस्सा	16) पत्ती

17) रमा जंगल से लकड़ी काटती है।
18) अध्यापिकाएँ भी साइकिल का जमकर इस्तेमाल कर रही हैं।
23. मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें– **H810**
1) तिलमिला उठना
2) आँखों से ओझल होना
3) पानी–पानी होना
4) आँख का तारा
5) ईद का चाँद होना
6) कमर कसना
7) चार चाँद लगाना
8) एक पंथ दो काज
9) पेट में चूहे कूदना
10) नौ दो ग्यारह होना
11) आग बबूला होना
12) हवा से बातें करना
13) आकाश–पाताल एक करना
24. 'हक्का–बक्का रह जाना' मुहावरे का अर्थ छाँटिए ।
क) हैरान करना ख) प्रेषण करना ग) मुसीबत में डालना घ) इनमें से कोई नहीं
25. 'घी के दीए जलाना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें।

26. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखें–
    1) गाना गाने वाला
    2) भगवान को न मानने वाला
    3) जो पढ़ा लिखा न हो
    4) दया करने वाला
    5) किए हुए उपकार को मानने वाला
    6) जो बहुत बोलता हो
    7) जो आँखों के सामने हो
    8) जानने की इच्छा रखने वाला
27. निम्न शब्दों से उपसर्ग अलग करके लिखें–
    1) अपमान 2) प्रगति 3) पराजय 4) अत्यधिक
28. 'स' उपसर्ग से सही शब्द छाँटिए–
    क) स्वाग् ख) सवाक् ग) सुवाक् घ) इनमें से कोई नहीं
29. निम्न उपसर्गों से तीन–तीन शब्द बनाएं।
    1) प्र ———————— ———————— ————————
    2) अनु ———————— ———————— ————————
    3) सु ———————— ———————— ————————
    4) अधि ———————— ———————— ————————
    5) यथा ———————— ———————— ————————
30. 'पठ्नीय' में कौन सा प्रत्यय है ? लिखें।
31. प्रत्यय जोड़कर शब्द पूर्ण करें–
    1) लेखक – लेख + ———
    2) माननीय – मानन + ———
    3) सुखा – सुख + ———
    4) छलिया – छल + ———
    5) मिलान – मिल + ———
32. 'बुद्धिमान' शब्द में कौन सा प्रत्यय है ? लिखें ।
33. 'दैनिक' शब्द में प्रत्यय छाँटिए–
    क) दिन + अक ख) दिन +उक ग) दिन+ईय घ) दिन+इक
34. प्रत्यय जोड़कर शब्द बनाएं –
    1) दिन + इक ————————————————————————
    2) राष्ट्र + ईय ————————————————————————
    3) पठ + अनीय ————————————————————————
    4) धन + वान ————————————————————————
    5) गम् + तव्य ————————————————————————
    6) दया + आलु ————————————————————————
35. सही विराम चिह्न लगाकर वाक्य लिखें –
    1) अध्यापक ने कहा राकेश कल तुम विद्यालय क्यों नहीं आए
36. विलोम शब्द लिखें–
    1) आकाश 2) देवता 3) दुर्लभ 4) राजा
    5) प्यार 6) विश्वसनीय 7) भीतर 8) दुश्मन
    9) शुरू 10) योग 11) सुबह 12) मित्र
    13) योग्य 14) डर 15) उम्मीद 16) थोड़ा
    17) असहयोग 18) शाम 19) समझदार

37. निम्न में से 'अमृत' शब्द का विलोम शब्द छाँटें।
क) सुधा ख) पीयूष ग) विष घ) सोम

38. 'प्र+दर्शन' शब्द का संधि युक्त शब्द है–
क) प्रादर्शन ख) प्रदर्षन ग) परदर्शन घ) प्रदर्शन

39. 'नायक' शब्द का संधि विच्छेद करें–

40. 'सज्जन' शब्द का संधि विच्छेद छाँटें–
क) सज् +जन ख) सत् + जन ग) सद् + जन घ) सत+जन

41. 'नमस्ते' शब्द का संधि विच्छेद छाँटें–
क) नमः + अस्ते ख) नमः+ते ग) नम + अस्ते घ) नम् + स्ते

42. 'रवि + इन्द्र' शब्द की संधि छाँटें–
क) रविंदर ख) रविन्द्र ग) रवीन्द्र घ) रवेन्द्र

43. स्वर संधि के कितने भेद हैं–
क) चार ख) पाँच ग) छः घ) तीन

44. संधि विच्छेद करें–
1) नियमानुसार 2) नदीश 3) इत्यादि 4) यथोचित

45. 'हिमालय' शब्द की संधि छाँटिए–
क) हि + आलय ख) हिम + अलय ग) हिम + आलय घ) हिमा + आलय

46. लिंग बदलें–
1) कवि 2) पिता 3) पुत्री 4) लेखक
5) घोड़ा 6) नायक 7) आदमी 8) ठाकुर
9) महिला 10) पत्नी 11) नौकर 12) भाई
13) बूढ़ी 14) नानी 15) पिताजी

47. क्रिया शब्द छाँटें –
क) लड़कियाँ खेल के मैदान में खो–खो खेलती हैं।

48. 'घोड़ा' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखें।

49. वाक्य से अव्यय छाँटिए–
क) कभी–कभी उसके बच्चे भी साथ होते हैं ।

50. निम्न में से तत्सम् शब्द छाँटिए–
क) मृग ख) पक्षी ग) चाकू घ) पेड़

51. विशेषण को परिभाषित करें।

52. निम्न वाक्यों से विशेषण शब्द छाँटिए –
1) वह बहुत ही सुंदर चूड़ियाँ बनाता था।
2) बदलू स्वभाव से बहुत सीधा था।
3) गाँव में बदलू मुझे सबसे अच्छा आदमी लगता था।
4) अवस्था के साथ–साथ उसका शरीर ढल चुका था।
5) मैं गर्मी की छुट्टियों में अपने मामा के यहाँ चला जाता था।
6) काँच बड़ा खतरनाक होता है।
7) दोनों तरफ हरे–भरे पेड़ थे।
8) बस बहुत ज़ोर से हिलकर थम गई।
9) काली बिल्ली के पीछे सफ़ेद कुत्ता भाग रहा है।
10) उसने मुझे बताया कि हमारा इलाका मुख्य शहर से कटा हुआ है।

53. नीचे लिखे शब्दों का विशेषण के रूप में प्रयोग कर वाक्य बनाएं।
1) भारतीय 4) अकेला
2) भला 5) मीठा
3) गर्म

54. लिपि किसे कहते है ?
55. व्यंजन किसे कहते है ?
56. हिंदी वर्णमाला में व्यंजनों की कितनी संख्या है ?
57. 'क्ष' का वर्ण विच्छेद करें।
58. 'अ' का उच्चारण स्थान लिखें।
    क) कण्ठ ख) मूर्धा ग) ओष्ठ घ) दन्त
59. 'व' का उच्चारण स्थान लिखें।
    क) कंठ ओष्ठ ख) कंठ तालू ग) दन्तोष्ठ घ) कंठ
60. 'य' का उच्चारण स्थान लिखें।
    क) तालु ख) मूर्धा ग) ओष्ठ घ) दन्त
61. 'प' का उच्चारण स्थान लिखें –
    क) तालु ख) मूर्धा ग) ओष्ठ घ) दन्त
62. दिए गए वाक्यों में कौन सी क्रिया है ? चिह्नित करें–
    1) राम पानी पीता है। (सकर्मक / अकर्मक)
    2) दर्ज़ी कपड़ा काटता है । (अकर्मक / सकर्मक)
    3) घड़े में पानी भरा है। (सकर्मक / अकर्मक)
    4) नौकर ने कपड़े धोए। (अकर्मक / सकर्मक)
    5) उसने एक पत्र लिखवाया। (अकर्मक / प्रेरणार्थक)
    6) शिक्षक ने बच्चों से पाठ पढ़वाया। (प्रेरणार्थक / सकर्मक)
63. वाक्यों में अव्यय शब्द को चिह्नित करें।
    1) कल रविवार है ।
    2) राम धीरे–धीरे बोलता है ।
    3) लवली के साथ यश वन में गया ।
    4) भोजन के बिना जीवित रहना संभव नहीं है ।
    5) इधर–उधर मत देखो ।
64. शुद्ध करके लिखें–
    1) समून्द्र
    2) अध्यपक
    3) शिषय
    4) आज्ञाकारि
    5) द्वरा
    6) मूख्य
    7) बिमार
    8) धन्यावाद
    9) उज्जवल
    10) प्रदुषण
    11) आर्शीवाद
65. विराम चिह्न लगाएं–
    1) शिमला सोलन और किन्नौर हिमाचल के ज़िले हैं
    2) क्या रीता अपने माता पिता के साथ घूमने जा रही है
66. लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखें।
    1) पिताजी बाज़ार से सब्जियाँ लाते हैं।
    2) ईश्वर की कृपा से बेचारा बच गया।
    3) रानी अपने भाई के साथ बाज़ार गई।
    4) कवि ने कविता लिखी।

भाग–घ
साहित्य

अध्याय–1
ध्वनि

बहुविकल्पीय प्रश्न – **सीखने के प्रतिफल**

1) कवि ने किस ऋतु का वर्णन किया है–
क) वर्षा ऋतु ख) ग्रीष्म ऋतु ग) शरद ऋतु घ) वसंत ऋतु

लघु प्रश्न– **सीखने के प्रतिफल**

2) वसंत के आने पर क्या–क्या होता है ? **H808,812,823**
3) वसंत को 'ऋतुराज' क्यों कहा जाता है ? **H808**
4) कवि कविता के माध्यम से क्या कहना चाहता है ? **H823**
5) कविता में किस ऋतु का वर्णन किया गया है ? **H808**
6) वसंत ऋतु के आने पर क्या होता है ? **H823**
7) कवि को ऐसा विश्वास क्यों है कि उसका अंत अभी नहीं होगा ? **H823**

रिक्त स्थान भरें – **सीखने के प्रतिफल**

8) अभी–अभी तो आया है मेरे वन में .....वसंत ।
9) ऋतुराज.....ऋतु को कहा जाता है ।

अध्याय–2
लाख की चूड़ियाँ

बहुविकल्पीय प्रश्न – **सीखने के प्रतिफल**

1) बदलू कौन था –
क) मनिहार ख) किसान ग) हलवाई घ) दुकानदार
2) बदलू के मकान के सामने कौन सा वृक्ष लगा था ?
क) सेब ख) बरगद ग) नीम घ) आम
3) बदलू किस चीज़ की चूड़ियाँ बनाता था ?
क) लाख ख) प्लास्टिक ग) काँच घ) धातु
4) लेखक कौन सी छुट्टियों में अपने मामा के घर आता था ?
क) गर्मियों ख) सर्दियों ग) बरसात घ) वसंत
5) बदलू जनार्दन को कौन सा फल खाने को देता था ?
क) सेब ख) अनार ग) अंगूर घ) आम
6) बदलू चूड़ियाँ किस पर बैठकर बनाता था ?
